हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 11 अप्रैल 2026

06 कीचड़, कब्जा व वसूली के खेल से नारकीय...



07 आईएएस शीला दाहिमा होंगी श्योपुर की दूसरी...






## खबर संक्षेप

### भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा का अनावरण आज

**सागर।** भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह सागर के अटल पार्क, तिली रोड पर 11 अप्रैल शनिवार को दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, दिल्ली रामबहादुर राय, जलशक्ति मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी, खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया एवं महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर द्वारा की जाएगी।

### जिला स्तरीय हितग्राही सम्मेलन 13 अप्रैल को

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोहपूर्वक हितग्राही सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सागर के मोतीनगर चौराहा स्थित महाकवि पद्माकर सभागार में 13 अप्रैल सोमवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के.वी को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है।

### अनंत कुमार सागर संभाग पुलिस के प्रभारी बने

**सागर।** मध्यप्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक संभाग में एसीएस स्तर के आईएएस अधिकारी पूर्व से ही लगातार अपने-अपने संभागों में सरकार की योजनाओं को देख रहे हैं उसी तर्ज पर डॉ मोहन यादव के निर्देश पर संभागवार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को प्रभारी बनाया गया है। स्पेशल डीजी एमपी पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन अनंत कुमार सिंह को सागर संभाग का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश के सभी संभागों में डीजी स्तर के धिकारियों की नियुक्तियां की गई है।

### शव वाहन हेतु टोल फ्री नंबर 155334

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर द्वारा बताया गया कि सरकारी अस्पताल में मरीज की बीमारी या दुर्घटना के चलते ईलाज के दौरान मृत्यु होने पर निःशुल्क शव वाहन के लिये परिजनों को ना भटकना पड़ेगा और ना ही लंबा इंतजार करना पड़ेगा। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने मृतक के शव को ससम्मान घर तक पहुँचाने के लिये शव वाहनों की व्यवस्था पहले ही कर दी है। अब इसके लिये स्वास्थ्य विभाग ने टोल फ्री नंबर 155334 जारी किया है। जरूरतमंद इस नंबर पर कॉल करके शव वाहन बुला सकते हैं। यह निःशुल्क सरकारी शव वाहन की व्यवस्था मरीजों के इलाज के दौरान मृत्यु होने पर की गई है।

### महिलाओं हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर स्थित महिला समाज एवं स्वास्थ्य केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में 11 अप्रैल दिन शनिवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक विश्व विद्यालय परिसर महिला समाज भवन में एक विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शिविर में मुख्य रूप से बोन मिनरल डेंसिटी, इलैक्ट्रो कार्डियो ग्रॉफी, ब्लड प्रेशर , कॉम्प्लीट ब्लड काउंट, ब्लड शुगर, नाक कान गला की जांच, आंखों की जाँच, दांतों की जांच आदि सभी जाँचे निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है ।

---

मालथौन में मंडल प्रशिक्षण वर्ग को किया संबोधित

## समृद्ध, सामर्थ्यवान और स्वाभिमानी राष्ट्र का निर्माण प्रत्येक कार्यकर्ता का ध्येयः पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

एक समृद्ध, सामर्थ्यवान और स्वाभिमानी राष्ट्र का निर्माण भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का संकल्प होता है। सत्ता नहीं राष्ट्र हमारी प्राथमिकता है। भाजपा कभी सत्ता के लिए अपनी विचारधारा, सिद्धांतों से समझौता नहीं करती। प्रदेश में 22 वर्षों से भाजपा की सरकार है और प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को जनता ने तीसरी बार चुना है। यह सुशासन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का परिणाम है, विचारधारा ही हमारी पूंजी है जिसे बना कर रखना हम सभी कार्यकर्ताओं का परम दायित्व है। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री सिंह ने पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान -2026 के अंतर्गत मालथौन मंडल व बरोदिया कलां मंडल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में अतिथि वक्ता के रूप में व्यक्त किए।



"कार्य विस्तार की हमारी पद्धति" विषय पर अपने विचार रखते हुए पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा के आज तक के इतिहास में हमारी पार्टी का कभी विभाजन नहीं हुआ। इसलिए नहीं हुआ क्योंकि विचारों, मूल्यों, सिद्धांतों से भाजपा ने कभी समझौता नहीं किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने अपनी सरकार 13 दिन में एक वोट के अंतर से छोड़ दी थी। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर तब रो पड़े थे और उन्होंने अटल जी से कहा था कि एक वोट के लिए आप मुझ से ही कह देते। अटल जी ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि जोड़ तोड़ से बनी सत्ता को वे चिमटे से छूना भी पसंद नहीं करेंगे। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि बहुत उतार चढ़ाव पार्टी ने देखे, 50 साल की तपस्या में यहां तक पहुंचे हैं। चने खाकर साइकल से प्रचार करते हुए पीढ़ियां खप गईं। उन्होंने कहा कि बहुत सी पार्टियां जो विचारधारा की बजाए व्यक्ति या सोशल मीडिया के आधार पर बनीं वे खत्म हो गईं। भाजपा ने राममंदिर निर्माण का संकल्प लिया तो उससे डिगे नहीं, समझौता नहीं किया।भगवान राम भारत की आत्मा हैं। भाजपा ने भारत की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूती प्रदान की और भारत माता को परम वैभव पर पुनर्स्थापित करने के लक्ष्य पर काम किया है।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें स्वयं को अच्छा लगने वाले कार्य की तुलना में जनता का कल्याण करने वाले कार्य करना है। जनता का अहित यानि पार्टी का अहित और पार्टी का अहित यानि कार्यकर्ता का अहित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि समाज को आपसे अपेक्षा है कि आप चीजों को ठीक करेंगे, ठीक रखेंगे। समाज और लोगों के दुख सुख में साथ खड़े होंगे। समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब और वंचित व्यक्ति की आप चिंता करेंगे, सेवा करेंगे। मनुष्य, समस्त प्राणी, संस्कृति, समाज, वृक्ष, नदी, पर्वत पूरी सृष्टि को एक ही व्यवस्था के हिस्से के रूप में देखना। यही पं दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय और एकात्म मानववाद का सार है जिसका हम सभी अनुसरण करते हैं।

उन्होंने कहा कि दो कमरे के मकान में रहते हुए अनुशासित जीवन जीने वाले उद्योगपति रतन टाटा का कहना था कि आपके काम से मानवीय कल्याण कितना हुआ है यही आपकी बैलेंस शीट है। पूर्व मंत्री ने कहा कि संस्कारहीन विकास का कोई अर्थ नहीं विकास के साथ साथ संस्कारित समाज का निर्माण हमें करना है। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाना उसे साथ लेकर चलना कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।



## महिला कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा सरमा का पुतला दहन किया

**सागर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के निर्देश पर मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव सीमा चौधरी के नेतृत्व में असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा सरमा का पुतला दहन कर एफ.आई.आर. की मांग को लेकर ज्ञापन मकरोनिया चौराहे पर प्रशासन को दिया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहसा ने कहा कि हेमंता विश्वा सरमा ने विश्व की सनातनी परंपरा का अपमान किया है । आदिकाल से हमारा समाज बड़े बुजुर्गों का सम्मान करता आया है लेकिन भाजपा के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा सरमा ने खड़गे जी का अपमान कर कर सनातनी परंपरा को कुठारा घात लगा है। पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि है हेमंता की जुबान से निकाला शब्द भाजपा की दलित विरोधी होना उजागर करता है!असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने अपनी मर्यादाएं खोई! ऐसा हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव सीमा चौधरी ने कहा कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष पद पर सुशोभित मल्लिकार्जुन खड़गे संवैधानिक पद पर हैं हेमंत ने उनका अपमान कर कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया ऐसा महिला कांग्रेस एवं महिला शक्ति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संगठन महासचिव आशीष ज्योतिषी, दीपक दुबे, जतिन चौकसे, अभिषेक गौर, मनोज पवार, आर. आर.पाराशर, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कुर्मी, सत्येंद्र दुबे, हेमंत लारिया, एड धन सिंह अहिरवार, अजय अहिरवार, गुड्डू रैकवार, अक्षय दुबे, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित वर्मा, कमलेश अहिरवार, राजेश अहिरवार, वसीम खान, महिलाओं में डॉ. हेमकुमारी कुर्मी, पार्षद रिचा सिंह रोशनी खान, रेखा सोनी सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं मौजूद थी।



## निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के तहत राहतगढ़ बस स्टैंड क्षेत्र का निरीक्षण किया

**सागर।** राहतगढ़ बसस्टैंड फाटक के आसपास तत्काल स्वच्छता सुनिश्चित करें उक्त निर्देश निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड राजकुमार खत्री ने राहतगढ़ ब्रिज के आसपास स्थल निरीक्षण कर उक्त क्षेत्र के सफाई दरोगा को फटकार लगाते हुए दिये। उन्होंने कहा की स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। सभी जोनल अधिकारी, सफाई दरोगा सफाईमित्र अपने अपने क्षेत्र की साफसफाई पूरी जिम्मेदारी से करें। निरीक्षण के दौरान इंजीनियर्स को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा की इस क्षेत्र में सौन्दर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता से कर राहतगढ़ फाटक के आसपास सुंदर कायाकल्प करें, उन्होंने शुक्रवार को कनेरादेव मार्ग, धर्मश्री, शीतलामाता तिराहा मोतीनगर चौराहा होते हुए राहतगढ़ बस स्टैंड ब्रिज के आसपास स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से स्वच्छता पर संवाद किया और स्वच्छता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सहयोग देने की अपील की। राहतगढ़ फाटक के पास बना यात्री प्रतीक्षालय जो की वर्तमान में असामाजिक तत्वों के जमावड़े का अड्डा बन चुका था उसे रहवासियों की मांग पर तत्काल हटवाकर सुव्यवस्थित ऑटो स्टैंड बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही राहतगढ़ फाटक बड़ी माता के आसपास वर्षाजल निकासी को बेहतर बनाने के लिए नालों की समुचित सफाई, मरम्मत और आवश्यकतानुरूप नये नाले-नालियों के निर्माण के निर्देश दिये।

## विश्व नवकार दिवस पर गूंजा महामंत्रः मालथौन के सैकड़ों समाजजनों ने किया सामूहिक जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

मालथौन में 'विश्व नवकार दिवस' के अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज ने रिछारिया मंदिर परिसर में सामूहिक जाप का आयोजन किया। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) के वैश्विक आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। डेढ़ घंटे तक चले इस अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य वैश्विक शांति और मानव कल्याण की कामना करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के अनावरण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने गुरुवर के चरणों में अर्घ्य समर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया।



### 108 देशों में एक साथ गूंजा महामंत्र

समाज के वक्ताओं ने जानकारी दी कि यह आयोजन केवल स्थानीय स्तर पर सीमित नहीं था, बल्कि विश्व के 108 देशों में एक ही समय पर णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। इस वैश्विक अनुष्ठान का उद्देश्य पूरी मानवता के लिए सुख-समृद्धि और मंगल भावना व्यक्त करना था। सामूहिक स्वर में हुए मंत्रोच्चार से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

### सर्वकल्याणकारी है णमोकार महामंत्र

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महामंत्र की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि णमोकार महामंत्र केवल किसी विशेष धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण ब्रह्मांड और हर धर्मावलंबी के लिए कल्याणकारी है। यह मंत्र श्रेष्ठ गुणों की वंदना करता है और आत्मिक शांति प्रदान करता है।

### बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने दिखाई सहभागिता

डेढ़ घंटे तक चले इस जाप अनुष्ठान में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जीतो के इस अभियान के माध्यम से समाज ने एकता और भाईचारे का संदेश दिया। समापन पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की प्रार्थना की और धार्मिक सिद्धांतों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

## भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा व्यास रामदास महाराज ने यज्ञ की महिमा का बखान किया



**रहली।** वार्ड 10 में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा व्यास रामदास जी महाराज ने कथा प्रसंग सुनाते हुए यज्ञ की महिमा का बखान किया। यज्ञ की उत्पत्ति सृष्टि के साथ ही ब्रह्मा जी द्वारा की गई। पहले राजा महाराजा भी हवन करते थे। यज्ञ विभिन्न मनोकामना पूरी करते हे। लोक कल्याण, विश्व कल्याण, प्रकृति का संरक्षण सहित मनुष्य की मनोकामना को पूरा करता हे। आजकल लोग उधार के विचार लेकर बैठे हे। पहले घरों में महिलाएं रोटी बनाने के बाद रोटी को घी और गुड़ के साथ मिलाकर पांच आहुति चूल्हे पर डालती थी। यह यज्ञ का ही स्वरूप था। इन आहुति से निकलने वाला धुंआ पूरे घर को रोग से मुक्त करता था। आज चूल्हे ही नहीं बचे गैस पर डिपेंड हो गए हे। पुराणों को देखे तो पता चलता हे, यज्ञ से इंद्र का पद भी प्राप्त होता हे। इस अवसर पर मुख्य यजमान राकेश पटेल, डॉ उमेश वैद्य, एडवोकेट भूपेंद्र तिवारी, नरेंद्र तिवारी, रत्नेश पटेल, शिक्षक मनीष तिवारी, दीपक मिश्रा, पवन पांडे, भरत शुक्ला, सहदेव ठाकुर आदि मोजूद रहें।



## महापौर को सामूहिक आदर्श विवाह और परिचय सम्मेलन का आमंत्रण पत्र सौंपा

**सागर।** चौरसिया समाज सागर द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह और परिचय सम्मेलन 25 व 26 अप्रैल को प्रस्तावित है। शुक्रवार को आयोजन समिति के सदस्यों ने महापौर को कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बतौर आमंत्रित करने के लिए महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी को आमंत्रण पत्र सौंपा।इस अवसर पर प्रदेश पैनलिस्ट रिशांक तिवारी, एम आई सी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर, राजकुमार पटेल, पार्षद प्रतिनिधि सोमेश जडिया, अमन चौरसिया, गौभक्त बसंत बाबा चौरसिया राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीराम पहलवान सम्मेलन अध्यक्ष, इंजी.हरगोविंद चौरसिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, रमेश चौरसिया, सम्मेलन महामंत्री, कमलेश चौरसिया सम्मेलन सह सचिव उपस्थित थे।

## जलकर एवं संपत्तिकर की अग्रिम राशि जमा करने पर छूट प्रारंभ

**सागर।** नगर निगम क्षेत्र के जलकर एवं संपत्तिकर उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जलकर एवं संपत्तिकर की एक वर्ष की राशि एकमुश्त अग्रिम रूप से जमा करने पर छूट की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। यह व्यवस्था नागरिकों को समय पर कर भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी जलकर की एक वर्ष की राशि अग्रिम जमा करने पर उपभोक्ताओं को विशेष छूट प्रदान की जाएगी। एक वर्ष का 2400/- रुपए वार्षिक जलकर देय होता है, किंतु एकमुश्त भुगतान करने पर एक माह की राशि की छूट प्रदान की जाएगी, जिसके पश्चात उपभोक्ताओं को केवल 2200/- रुपए का भुगतान करना होगा।इसी प्रकार संपत्तिकर के उपभोक्ताओं को भी अग्रिम भुगतान पर लाभ मिलेगा। यदि उपभोक्ता पूरे वर्ष का संपत्तिकर एक साथ जमा करते हैं, तो उन्हें कुल देय राशि पर 6.25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। निगमायुक्त ने बताया कि यह छूट योजना 11 अप्रैल से प्रारंभ होकर 10 मई 2026 तक प्रभावी रहेगी। निर्धारित समयावधि के पश्चात यह लाभ उपलब्ध नहीं रहेगा।

## निशुल्क कौशल प्रशिक्षण से युवाओं और महिलाओं को मिल रहा रोजगार का अवसर

**सागर।** युवाओं को रोजगार और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अंतर्गत कौशल विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा संभागीय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सागर में निशुल्क शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। अमरनाथ साकेत प्राचार्य वर्ग 1 ने इस संबंध में बताया कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से जिले के युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में संस्थान में योजनांतर्गत प्रशिक्षणार्थियों के विभिन्न पालियों में 23 बैच संचालित हो रहे है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर जनभागीदारी से हो रहे कार्य रोकने का मामला

## मुक्तिधाम में विकास कार्य रोकने से क्षुब्ध नागरिक सत्याग्रह पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देश में सामाजिक बदलाव लाने के लिए जनकल्याण के सामुदायिक कार्यक्रमों एवं सरकारी अभियानों में जनभागीदारी की अपील करने वाला शासन-प्रशासन मुक्तिधामों में जनभागीदारी और सामाजिक सहयोग से चल रहे विकास एवं सौन्दर्यीकरण पर बुलडोजर चलाये जाने को लेकर कटघरे में है। विगत 4 अप्रैल को हुई बुल्डोजर कार्रवाई के बाद अब नागरिक घटना को लेकर सत्याग्रह पर उतर चुके है। मौन जुलूस और ज्ञापन के बाद अब अपनी मांगों के समर्थन में धरने पर बैठे नागरिकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मामले में कार्रवाई की मांग की है।




झुनकु वार्ड स्थित मुक्तिधाम में स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित होकर चल रही सौन्दर्यीकरण की मुहिम में जन सहयोग से बनाए जा रहे भगवान आदि योगी स्मारक, अस्थि संचय कक्ष, लकड़ी भंडार गृह,गार्ड रूम की नींव प्रशासन द्वारा विगत 4 अप्रैल को बिना नोटिस तोड़े जाने की कार्रवाई को लेकर नागरिकों में भारी असंतोष व्याप्त है। भाजपा के स्थानीय मंडल अध्यक्ष के शिकायती आवेदन के बाद प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई पर नागरिक जमकर सवाल उठा रहे है। मामले को लेकर विगत दिवस संगम मुक्तेश्वर महादेव मुक्तिधाम सेवा समिति एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा मौन जुलूस निकालकर प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया था जिसमें नगर विकास कार्यो में गंदी राजनीति बंद किये जाने एवं मुक्तिधाम में जनभागीदारी से सौन्दर्यीकरण कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप रोके जाने की मांग की गई थी। अब उक्त 4 सूत्रीय मांगो लेकर मुक्तिधाम समिति एवं नागरिक धरने पर बैठ गये है। स्थानीय नगरपालिका चौराहे पर आरंभ हुए इस धरने के प्रथम दिवस नागरिकों ने अपनी सहभागिता दिखाई।

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जगदीश सोनी, सतीश अरेले, कश्यप बोहरे, छुट्टन गुरु, नर्मदा वाल्मीकि, संजय वर्मा, ओमकार विश्वकर्मा, ज्ञानी कोष्टी, जगत ठाकुर, राधेश्याम विश्वकर्मा, राजा गुप्ता, प्रेम कोष्टी, जिनेंद्र कोष्टी, वैभव खत्री, शिवा नामदेव,सीताराम गुरु, नितिन साहू सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक मांगो के समर्थन में धरने में शामिल हुए।

## ज्योतिबा फुले ने शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के लिए कार्य कियाः कुलपति

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में डॉ. अंबेडकर चेयर के द्वारा डॉ. अंबेडकर मेमोरियल लेक्चर जिसका विषय सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षाः फुले का दृष्टिकोण विषय पर संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने कहा कि डॉ. हरीसिंह गौर, डॉ. अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले मानते थे की शिक्षा के माध्यम से ही सामाजिक परिवर्तन आ सकता है। इसलिए आज आवश्यकता है शिक्षा के माध्यम से रोजगार और नीतिगत शिक्षा देने की। उन्होंने कहा कि नीतिगत शिक्षा आज की आवश्यकता है, शिक्षा के माध्यम से ही समग्र विकास हो सकता है। महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने का कार्य किया। कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने बताया कि वह ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय गए थे और वहां पर उन्होंने देखा कि शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के लिए भी कार्य किया जा रहा है। ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले स्मारक मैं भी वह गए और वहां पर उन्होंने पुष्प अर्पित किए । आज के युवाओं को शिक्षा के साथ कौशल विकास की आवश्यकता है और हमारे युवाओं को हमारे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर समाज के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अतिथि एवं वक्ता सतीश कुमार ने कहा कि फुले जी का जन्म उस समय हुआ था जब समाज में अनेक कुरीतियां थी। महात्मा ज्योतिबा फुले मानते थे कि इनका एक ही समाधान है वह है शिक्षा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अनिल तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि समानता आधारित मानवतावादी सोच के आधार पर समाज में परिवर्तन लायें, जितना त्याग ज्योतिबा फुले ने किया उतना त्याग समाज परिवर्तन के लिए उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने भी किया।

### गुदनवारा पंचायत में ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, सड़क हाईवे जाम की दी चेतावनी

# कीचड़, कब्जा व वसूली के खेल से नारकीय जीवन जी रहे सलामती खेरा के रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले की ग्राम पंचायत गुदनवारा के सलामतीखेरा गांव में एक ब्यक्ति मानसिंह लोधी और इनके चाचा रघुवर लोधी की दबँगई के चलते सलामतीखेरा वासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। हालात बद से बदतर हो चुके हैं। गांव का एकमात्र रास्ता कीचड़ और गंदगी से पट चुका है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन दूभर हो गया है। आरोप है कि गांव के ही मानसिंह लोधी और रघुवर लोधी द्वारा मरघट भूमि और मंदिर के पास लगे सरकारी हैंडपंप पर कब्जा कर लिया गया है, जिसके चलते पूरे रास्ते में पानी भरकर दलदल बना दिया गया है।

#### जहां शिकायत करना हो करो, हम हैं यहां के राजा

ग्रामीणों का कहना है कि सलामतीखेरा की एकमात्र कच्ची सड़क ही ग्रामीणों के आवागमन का माध्यम है। जिस पर सदियों से कोई सड़क नहीं डाली गई। और मानसिंह लोधी और रघुवर लोधी के मकान ऊंचाई पर होने के कारण उनके घर का गंदा पानी सीधे इसी एकमात्र रास्ते में बहता है। जिसकी बजह से पूरा रास्ता गंदे पानी के कीचड़ से सराबोर रहता है। यही नहीं, इन दोनों लोगो के द्वारा सड़क निर्माण का भी विरोध किया जा रहा है और अगर कोई ब्यक्ति सड़क निर्माण या साफ सफाई की बात करता है तो इन दोनों लोगो के द्वारा मारपीट करने की कोशिश करते हुये धमकी तक दी जाती है कि जहां शिकायत करना हो कर आओ, कोई कुछ नहीं कर पाएगा।



#### रोड डालने को लेकर गांव वालों से सरपंच ने वसूले 60 हजार

मामले में नया मोड़ तब आया जब ग्रामीणों ने सरपंच गनपत चढ़ार पर गंभीर आरोप लगाए। शिकायत के अनुसार, सरपंच गणपत ने साफ कहा कि तुम लोगों ने वोट नहीं दिया, सड़क चाहिए तो हर घर से दो हजार रुपये जमा करो। इसके बाद ग्रामीणों ने आपस में मिलकर 60 हजार रुपये इकट्ठा कर सरपंच गणपत को सौंप दिए, लेकिन इसके बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि अब सरपंच गणपत साफ कह रहा है कि सड़क नहीं बनेगी जो करना है कर लो।

#### बच्चों की पढ़ाई पर भी अस

रास्ते की हालत इतनी खराब है कि स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को रोजाना कीचड़ और पानी से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, वहीं गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है।



#### बार-बार शिकायत, फिर भी नहींहुई सुनवाई

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार को उक्त समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नतीजा यह है कि पूरे गांव को रोजाना कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है।

#### अतिक्रमण और विवाद बना बाधा

एसडीएम संस्कृति मुदित लिटोरिया को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते पर अतिक्रमण होने से निर्माण कार्य रुका हुआ है। दो अलग-अलग मौजों की जमीन होने के कारण विवाद और बढ़ गया है। ग्रामीणों ने पटवारियों की संयुक्त जांच कराकर सीमांकन कराने की मांग की है। जिससे उक्त विवाद का समाधान करके शीघ्रता से रोड बनाई जाये। और ग्रामीणों को कीचड़ से निकलने जैसे नारकीय जीवन से मुक्ति मिल सके।

#### 7 दिन का अल्टीमेटम, हाईवे जाम की चेतावनी

ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ और वसूले गए 60 हजार रुपये वापस नहीं कराए गए, तो वे सागर हाईवे पर चक्काजाम करेंगे। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले में कार्रवाई करेगा या ग्रामीण यूं ही कीचड़ में जीने को मजबूर रहेंगे।

#### कार्रवाई होगी

स्वच्छता का अधिकार सभी को है। मैं अभी एसडीएम और जिला सीईओ को निर्देशित करता हूं। सलामतीखेरा गांव वालों की समस्या को शीघ्र हल करने की प्रक्रिया की जाएगी। और जो भी ब्यक्ति दोषी होगा उस पर भी कार्यवाही होगी।

**विवेक श्रोत्रिय,**
कलेक्टर टीकमगढ़

### फलहोड़ी में 30 अप्रैल तक चलेगा शिविर

## सृजन पंख शिविर में बच्चों को मिल रहा हुनर का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान



दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र फलहोड़ी बड़ागांव धसान में इन दिनों सृजन पंख ग्रीष्म शिविर 2026 के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास की अनूठी पहल की जा रही है। यह शिविर श्री सन्मति दिगंबर जैन पाठशाला बड़ागांव एवं वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में 05 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर संयोजक एवं पाठशाला अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार जैन, शिक्षक एवं एडवोकेट प्रभात अजनोर ने बताया कि यह शिविर केवल गर्मी की छुट्टियों का उपयोग भर नहीं, बल्कि बच्चों और युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। यहां शिक्षा और आनंद का सुंदर समन्वय देखने को मिल रहा है, जिससे बच्चों की छिपी प्रतिभाएं निखर रही हैं।

#### दी जा रही है दिशा

शिविर में चित्रकला, संगीत, नृत्य, योग, व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा और खेल-कूद जैसी विविध गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को रचनात्मक दिशा दी जा रही है। इससे जहां बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है, वहीं टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का भी विकास हो रहा है। मंच पर प्रस्तुति देने से बच्चों का संकोच दूर हो रहा है और उनकी अभिव्यक्ति क्षमता मजबूत बन रही है। शिविर का एक महत्वपूर्ण पहलू संस्कार निर्माण भी है। इसमें बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिससे वे भविष्य में अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। साथ ही, यह शिविर बच्चों को मोबाइल और टीवी जैसी आदतों से दूर कर सकारात्मक वातावरण प्रदान कर रहा है। शिविर में सुबह 8 से 10 बजे तक मां दुर्गा शक्ति व्यायामशाला शाहगढ़ के प्रशिक्षक श्रीराम चौरसिया एवं सुश्री निधि जैन द्वारा मलखम्ब एवं नृत्य की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इसके बाद 11 से 12 बजे तक सुहानी कुशवाहा द्वारा कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दोपहर 2 से 4 बजे तक निकिता जैन, पलक जैन एवं पायल जैन द्वारा मंडला आर्ट, पेंटिंग और आर्ट-क्राफ्ट सिखाया जा रहा है। वहीं शाम साढ़े 6 से साढ़े 8 बजे तक पं. मुन्नालाल जैन एवं कृति जैन द्वारा हारमोनियम और इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इस शिविर में 32 बच्चों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है, जो नई-नई विधाओं को सीखते हुए अपने भविष्य को नई दिशा देने में जुटे हैं।

### पपौरा जी में भव्य शोभायात्रा, 1008 कलशों से हुआ अभिषेक

## सुमेरु पर्वत पर जन्माभिषेक का जीवंत मंचन बना आकर्षण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**टीकमगढ़।** पपौरा जी में आयोजित श्री पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत भगवान के जन्म कल्याणक की पावन क्रियाएं श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुईं। महाराजा नाभिराय एवं माता मरुदेवी के पावन गृह में बालक आदिकुमार के दिव्य जन्म का मंचन होते ही पूरा परिसर हर्ष, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। जन्म के उपरांत जैन परंपरा के अनुसार सौधर्म इन्द्र द्वारा बालक आदिकुमार को सुमेरु पर्वत पर ले जाकर पांडुक शिला पर 1008 कलशों से जन्माभिषेक किया गया। इस दिव्य प्रसंग का सजीव मंचन किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर गाजे-बाजे, बैंड, ध्वज-पताकाओं, हाथी, बग्घी और आकर्षक धार्मिक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जुलूस में हजारों श्रद्धालु भक्ति गीतों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया, वहीं आकर्षक स्वागत द्वारों से पूरे मार्ग को सजाया गया। उदयपुर के सेमरी बैंड की मधुर स्वरलहरियों ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी पं. जयनिशांत जी के सान्निध्य में सहयोगी प्रतिष्ठाचार्य पं. पवन दीवान, मनीष जैन, अरविंद शास्त्री, संतोष शास्त्री एवं ब्र. अजय द्वारा जन्म कल्याणक की समस्त क्रियाएं विधि-विधानपूर्वक सम्पन्न कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान अष्टकुमारिकाओं द्वारा माता मरुदेवी की सेवा का भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण किया गया, वहीं मनमोहक नृत्य ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाराजा नाभिराय के रूप में मिष्ठान वितरण कर अयोध्या नगरी के उल्लास का प्रतीकात्मक दृश्य प्रस्तुत किया गया। इस पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक गिरिश मिश्रा एवं गौतम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### स्कूलों में शिक्षा की नब्ज टटोलने पहुंचे बीआरसीसीवैण्डरी में निरीक्षण, व्यवस्थाओं को सुधारने दिए सख्त निर्देश छात्रों से संवाद

**पलेरा।** शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बीआरसीसी पुष्पेंद्र पाठक ने वैण्डरी क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों की कार्यप्रणाली एवं मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीआरसीसी पाठक कक्षाओं में पहुंचे और विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता को परखा। उन्होंने बच्चों से सवाल-जवाब कर उनकी सीखने की स्थिति का आकलन किया, साथ ही शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे पढ़ाई की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और प्रत्येक विद्यार्थी की समझ विकसित करने के लिए नियमित प्रयास करें। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, मिड-डे मील योजना और अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी समीक्षा की। जहां कहीं कमियां पाई गईं, वहां तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिल सके। बीआरसीसी पुष्पेंद्र पाठक ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा के स्तर में सुधार लाना सभी की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षकों से समय पर विद्यालय पहुंचने और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान संबंधित विद्यालयों के शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहे। इस यह निरीक्षण को शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है।

### कलेक्टर-एसपी की दो अहम बैठकों में दिए गए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

## राहत प्रकरणों पर सख्ती व नशे पर वार करने जिले के दो अधिकारी साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में प्रशासनिक सक्रियता का बड़ा संकेत देते हुए कलेक्टर विवेक श्रोतीय और पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। एक ओर जहां एससीएसटी राहत प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर सख्ती दिखाई गई, वहीं दूसरी ओर नशा उन्मूलन को लेकर जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक में व्यापक रणनीति तैयार की गई।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित उक्त समन्वय बैठक में एससीएसटी वर्ग के पीड़ितों को समय पर राहत दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सभी लंबित और प्रचलित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने स्पष्ट चेतावनी दी कि राहत प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर ढिलाई पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पीड़ितों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने और त्वरित सहायता प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए। इसी क्रम में जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने इसे सामाजिक और स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर चुनौती बताते हुए सभी विभागों को मिलकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने नशे के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर सतत निगरानी, एनडीपीएस प्रकरणों की नियमित समीक्षा और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

उक्त बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, राजस्व और आबकारी विभाग को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। स्कूल-कॉलेजों में एंटी ड्रग कमेटी बनाने, मेडिकल स्टोर्स की जांच, अवैध खेती पर रोक और जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने नशे से प्रभावित गांवों को चिन्हित कर उन्हें गोद लेकर नशामुक्त बनाने की योजना पर भी काम शुरू करने का निर्णय लिया। सभी विभागों ने समन्वित प्रयासों के जरिए इस लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प लिया।

बैठकों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने उक्त बैठक से स्पष्ट संदेश दिया है कि अब न तो पीड़ितों को राहत में देरी बर्दाश्त होगी और नशे के कारोबार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### 4 साल में यथार्थ अस्पताल ने बदली बुंदेलखंड की सेहत की तस्वीर, जल्द बनेगा कैंसर रिसर्च सेंटर

## स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रदेश में शीर्ष पर पहुंचाना लक्ष्य: डॉ कपिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़






बुंदेलखंड जैसे पिछड़े और लंबे समय से स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जूझते क्षेत्र में यथार्थ अस्पताल ओरछा ने महज चार वर्षों में एक नई उम्मीद की किरण जलाई है। कभी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दिल्ली, ग्वालियर जैसे बड़े शहरों पर निर्भर रहने वाले क्षेत्रवासियों के लिए ओरछा में झाँसी रोड पर स्थित यथार्थ अस्पताल एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरा है। अपने चौथे स्थापना दिवस के मौके पर अस्पताल प्रबंधन ने भूतपूर्व सैनिकों के साथ कार्यक्रम आयोजित कर न सिर्फ उनकी सेवाओं को नमन किया, बल्कि समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

चार साल पहले सीमित संसाधनों के साथ शुरू हुए इस अस्पताल ने धीरे-धीरे अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर, बांदा, ललितपुर और झांसी सहित कई जिलों के मरीजों को राहत पहुंचाई है। पहले जहां मरीजों को मामूली से लेकर गंभीर बीमारी तक के इलाज के लिए सैकड़ों किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, वहीं अब यथार्थ अस्पताल में ही उन्हें आधुनिक सुविधाओं के साथ उपचार मिल रहा है। इससे न केवल समय की बचत हुई है, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ भी काफी हद तक कम हुआ है।

अस्पताल की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि यहां आयुष्मान भारत योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। हजारों गरीब और जरूरतमंद मरीजों को इस योजना के तहत मुफ्त या बेहद कम खर्च में इलाज की सुविधा मिल रही है। जिन लोगों के लिए पहले इलाज एक सपना था, उनके लिए अब यह हकीकत बन चुका है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल इलाज करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अस्पताल के संचालक डॉ. कपिल त्यागी ने स्पष्ट कहा कि उनका लक्ष्य बुंदेलखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रदेश में शीर्ष स्थान पर पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में अस्पताल का और विस्तार किया जाएगा और एक अत्याधुनिक कैंसर रिसर्च सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह केंद्र न सिर्फ कैंसर मरीजों के इलाज में मदद करेगा, बल्कि रिसर्च के जरिए क्षेत्र में नई चिकित्सा संभावनाओं को भी विकसित करेगा। इससे बुंदेलखंड के लोगों को गंभीर और असाध्य बीमारियों के इलाज के लिए महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। अस्पताल के डायरेक्टर नितिन चौधरी ने कहा कि उनकी टीम का मुख्य उद्देश्य मरीजों को रोगमुक्त बनाना और उन्हें बेहतर जीवन देना है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में आधुनिक तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों की टीम के माध्यम से मरीजों को उच्च स्तर की सेवाएं दी जा रही हैं, जो पहले केवल बड़े शहरों में ही उपलब्ध थीं। स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के मैनेजर विकास सांडिल्य ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल की सफलता में पूरे स्टाफ और क्षेत्रवासियों के विश्वास की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## नन्ही अर्जुमन की सफलता देख पिता की आंखें छलकी

### कक्षा 3 की छात्रा आई अव्वल, संस्कार व शिक्षा दोनों में आगे बढ़ रही नन्ही प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



मेहनत और लगन की कोई उम्र नहीं होती। यह बात एक बार फिर साबित कर दिखाई है शहर की नन्ही छात्रा अर्जुमन फातिमा ने। कक्षा 3 में पढ़ने वाली इस प्रतिभाशाली बच्ची ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 82 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान हासिल किया और अपने परिवार के साथ-साथ विद्यालय का नाम भी रोशन कर दिया। बेटी की इस सफलता को देख पिता सत्तार बाबा खान की आंखे छलक आई। शहर के गुरुनानक संस्कार स्कूल की छात्रा अर्जुमन फातिमा पहले भी अपनी छोटी उम्र में रोजा रखने को लेकर चर्चा में आ चुकी है। अब उसने शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया है कि वह संस्कार और पढ़ाई दोनों में आगे बढ़ रही है। उसकी इस उपलब्धि ने हर किसी को प्रभावित किया है। विद्यालय के प्राचार्य इंद्रपाल सिंह पिंटू ओबेरॉय ने अर्जुमन को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और उसकी मेहनत व अनुशासन की सराहना की। इस अवसर पर स्कूल परिवार ने भी उसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अर्जुमन की इस सफलता से उसके पिता सत्तार खान बाबा की खुशी देखते ही बन रही थी। उन्होंने भावुक होकर कहा कि यह मेरे जीवन के सबसे गर्व के पलों में से एक है।

## अब और मजबूत होंगे जिले के लिए महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए कदम

# आईएएस शीला दाहिमा होंगी श्योपुर की दूसरी महिला कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर कलेक्टर अर्पित वर्मा का ट्रांसफर हो गया है। आईएएस अर्पित वर्मा को अब शिवपुरी जिले का कलेक्टर बना दिया गया है। उनकी जगह आईएएस शीला दाहिमा को श्योपुर का नया कलेक्टर बनाया गया है। 2015 बैच की आईएएस अधिकारी शीला दाहिमा श्योपुर जिले की दूसरी महिला कलेक्टर है। इसके पहले आईएएस प्रतिभा पाल श्योपुर की पहली महिला कलेक्टर रह चुकी है।

खास बात यह है कि श्योपुर में जिला पंचायत सीईओ के रूप में आईएएस सौंम्या आनंद पदस्थ है और अब आईएएस शीला दाहिमा की श्योपुर में कलेक्टर के रूप में शासन की ओर से पदस्थी कर दी गई है। जिले में एक साथ दो आईएएस महिला अफसर पदस्थ हो जाने से यह तय हो गया है कि वर्तमान में श्योपुर जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में शासन और प्रशासन की ओर से जो कदम उठाए जा रहे है, वे कदम अब और मजबूती के साथ उठेगे। जिले की महिलाओं को भी यह उम्मीद बंध गई है कि अब प्रशासन स्तर पर उनकी परेशानी को गंभीरता से सुना जाएगा और परेशानी का निराकरण भी तत्परता के साथ किया जाएगा।




### श्योपुर की 26वीं कलेक्टर होंगी शीला दाहिमा

2015 बैच के आईएएस कलेक्टर अर्पित वर्मा के ट्रांसफर के बाद श्योपुर में कलेक्टर के रूप में पदस्थ की गई आईएएस शीला दाहिमा श्योपुर की 26 वीं कलेक्टर होगी। क्योंकि अब तक 25 कलेक्टर श्योपुर जिले में पदस्थ होकर कलेक्टरी कर चुके है। वर्तमान में आईएएस शीला दाहिमा सहकारिता विभाग में उप सचिव के रूप में पदस्थ है,जहां से उन्हें श्योपुर में कलेक्टर बनाकर भेजा गया है। वे श्योपुर में पहली बार कलेक्टर के रूप में अपनी नई प्रशासनिक पारी की शुरूआत करेगी।

### अर्पित वर्मा को बनाया शिवपुरी कलेक्टर



29 जनवरी 2025 को श्योपुर में कलेक्टर के रूप में पदस्थ हुए आईएएस अर्पित वर्मा को श्योपुर में कलेक्टरी करते हुए 14 माह बीत गए। इसके बाद उनका ट्रांसफर कर दिया गया है। विशेष बात यह है कि कलेक्टर अर्पित वर्मा का ट्रांसफर करते हुए शासन द्वारा उन्हें शिवपुरी कलेक्टर के रूप में एक बडी प्रशासनिक जिम्मेदारी सौपी गई है। चूंकि शिवपुरी जिला गुना संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। इसलिए गुना संसदीय क्षेत्र में अर्पित वर्मा ऐसे दूसरे कलेक्टर बन गए है,जिन्हें श्योपुर जिले से ट्रांसफर करते हुए शिवपुरी जिले में पदस्थ किया गया है। इसके पहले कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को श्योपुर जिले से ट्रांसफर करते हुए गुना संसदीय क्षेत्र के गुना जिले में बतौर कलेक्टर पदस्थ किया गया ।

### अपने नवाचार से हासिल किया सीएम एक्सीलेंस अवार्ड

श्योपुर की कलेक्टर बनी आईएएस शीला दाहिमा कोई साधारण महिला अफसर नहीं है,बल्कि वे एक प्रतिभाशाली महिला अफसर है। जिन्हें मुख्यमंत्री एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित भी किया जा चुका है। वे अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से मधुर आवाज में गानों के माध्यम से समाज को प्रेरणा व मार्गदर्शन देने का कार्य भी कर रही हैं। बता दें कि 2022-23 में आईएएस शीला दाहिमा जब मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल में अतिरिक्त सचिव के पद पर पदस्थ थी,तब उन्होने अपने नवाचार के तहत बोर्ड परीक्षाओं में बच्चों के मोटिवेशनल वीडियो बनाकर यूट्यूब व माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट पर अपलोड किया। इससे छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने में काफी मदद मिली। इसी नवाचार के चलते शीला दाहिमा को वर्ष 2022-23 के मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजा गया। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आईएएस शीला दाहिमा को एक लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## सांसद पहुंचे ओला प्रभावित क्षेत्र में लिया फसलों के नुकसान का जायजा

# 50 फीसद नुकसान का किया जाए शत-प्रतिशत आंकलन, सप्ताह भर में भेजें रिपोर्ट: तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का मुआवजा किसानों को जल्द से जल्द मिले इसके प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जाए, जो नुकसान 50 फीसद दिखाई पड़ रहा है उसे शत प्रतिशत लिखकर शासन को रिपोर्ट भेजें। यह काम एक सप्ताह भर में हो जाने चाहिए ताकि किसानों को आरबीसी के तहत मुआवजा राशि वितरण की जा सके। इस मामले में लेतलाली करने या लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाए। यह बात शुक्रवार को ओला प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण करने श्योपुर पहुंचे क्षेत्रीय सांसद शिव मंगल सिंह तोमर ने जिला प्रशासन को निर्देशित करते हुए कही।

शुक्रवार को सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने चिमलका, बगडूआ, लहचोड़ा, दांतरदा आदि ग्रामों का भ्रमण कर सभी किसानों से चर्चा कर विगत दिनों हुई वर्षा और ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान सांसद तोमर को भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने बताया कि ओलावृष्टि ऐसे समय हुई है, जब किसान अपनी फसल को बेचने के लिए कटाई करवाने की तैयारी कर रहा था। ओलावृष्टि से गेहूं की फसल जमींदोज हो गई वो नुकसान साफ दिखाई दे रहा है। कुछ खेतों में बारिश से फसल भीग कर खराब हुई है उनके दाम भी किसानों को नहीं मिल पाएंगे। आरबीसी के तहत भीगी फसल का नुकसान मुआवजा श्रेणी में नहीं आ रहा है। सांसद तोमर ने तहसीलदार मनीषा मिश्रा को निर्देशित किया कि जहां नुकसान 50 फीसद दिख रहा है वहां 100 फीसद का आकलन कराया जाए और जो नुकसान 50 फीसद से नीचे दिख रहा है। 50 फीसद दर्ज करवा कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए ताकि मुआवजा राशि की मांग शासन से की जा सके। उन्होंने कहा कि आपकी रिपोर्ट पर ही किसानों को मुआवजा राशि वितरण होना है अगर इस मामले में लापरवाही की गई और किसान मुआवजा से वंचित रहा तो संबंधित प्रशासन इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा मुख्यमंत्री का इस मामले में किसानों को हर हाल में राहत पहुंचाने के निर्देश हैं किसानों के खिलाफ कोई भी लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। इस दौरान पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय सहित अन्य कई भाजपा नेता ही मौजूद रहे है।

# कल होगा सेवा निवृत्त अधिकारी-कर्मचारी महासंघ का वार्षिक स्नेह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी महासंघ की श्योपुर जिला इकाई का वार्षिक स्नेह सम्मेलन 12 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे से श्योपुर के बगबाज रोड स्थित श्री गायत्री शक्ति पीठ पर आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी महासंघ के श्योपुर जिलाध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज एवं महासचिव राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने देते हुए बताया है कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन में महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी के संरक्षक बसंत पुरोहित, प्रदेश महामंत्री सुरेश बादल, उपाध्यक्ष चंदेश मिश्रा तथा संभागीय प्रभारी सुरेश शर्मा विशेष रूप से भागीदारी करेगे। जिले के सभी सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारियों से इस सम्मेलन में आवश्यक रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

### काली तलाई में तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ



श्योपुर। जन अभियान परिषद के तत्वाधान में कराहल विकासखंड के ग्राम कालीतलाई में आज जल गंगा सवंर्धन अभियान के अन्तर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा जन सहयोग से तालाब का गहरीकरण कार्य की शुरूआत की गई। जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक नीतू गौतम ने बताया कि कराहल बलॉक में गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत नवांकुर संस्थाओं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समीतियों के बैनर तले जन सहयोग के श्रमदान से जल स्रोतों का गहरीकरण एवं साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है, जो कि जून माह तक अनवरत चलेगा। इसी क्रम में आज कालीतलाई के तालाब में श्रमदान कर तालाब गहरीकरण के कार्य का शुभारंभ किया गया।

## अप्रैल माह में भी सीप लबालब, ओवरफ्लो हो रहा बंजारा डैम

# जिलेभर में जल गंगा संवर्धन अभियान की विफलता को छिपा रही प्रकृति की मेहरबानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दिनों जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जलाशयों को बचाने की कोशिश जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। वैसे तो यह कवायद हर साल की जाती है लेकिन इस साल इस कवायद में प्रशासन के ऊपर प्रकृति का आशीर्वाद होने के चलते अधिक परेशान नहीं होना पड़ रहा है ।

दरअसल इस सीजन में नदी नाले सूख जाते हैं जिनका जन सहयोग से गहरीकरण ही इस अभियान का ध्येय होता है लेकिन इस बार प्रकृति का आशीर्वाद इतना रहा कि नदी नाले सूखने के बजाय ओवरफ्लो होकर बह रहे हैं जो सीप नदी मार्च अप्रैल में लगभग सूख जाती है वह आज अप्रैल माह आधा गुजर जाने के बाद भी लबालब होकर बंजारा डैम से ऐसे ओवरफ्लो होकर ऐसे बह रही है जैसे बरसात में बहती है। इसके चलते प्रशासन को भी जल संरक्षण के लिए कोई खास करने की जरूरत नहीं पड़ रही अलबत्ता वह नदियां जो लबालब होकर बह रही है उन्हें प्रदूषण से बचने के लिए भी प्रशासन के द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जाना आश्चर्य जनक जरूर है खासकर सीप नदी के लिए जो शहर के बीच से गुजरी है और नगर पालिका के नाले उसे प्रदूषित कर रहे हैं।

सीप के लबालब भरे रहने का शहर की पेयजल व्यवस्था पर सकारात्मक असर देखने को मिल भी रहा है। नगर पालिका की अभी कहीं से भी जल संकट की सूचना नहीं मिली है पर जगह जगह सीप में बह 19 नालों के कारण सीप का निर्मल पानी गंदा जरूर ही रहा है। सीप की दूषित करने का काम कर रहे इन नालों को सीप में प्रवाहित होने से रोकने के लिए प्रशासन ने कभी खास प्लानिंग शायद नहीं की अलबत्ता जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजनों की औपचारिकता जरूर की जाती रही है। अंजना जगह जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं लेकिन यह जागरूकता कार्यक्रम सिर्फ स्कूलों में निबंध लेकर चित्र लेखन जैसी प्रतियोगिता आयोजित कराने भर तक सीमित है जिससे जल का संरक्षण तो होने से रहा पर प्रशासन है कि औपचारिकता करने से नहीं चूक रहा है प्रशासन की इस लापरवाही का खामियाजा शहर की जीवन दाईनी में माने जाने वाली सीप नदी को उठाना पड़ रहा है जो प्रकृति की देन के चलते आज लबालब तो भरी है लेकिन इसमें नगर पालिका के नाले जो गंदगी उड़ेल रहे हैं उससे यह सुंदर नदी नाला बनकर रह गई है।



### नाला कॉरिडोर बनाने परिषद में रखा प्रस्ताव

परिषद की जो बैठक 16 मार्च को आयोजित होने वाली थी और किन्हीं कारणों स्थगित हो गई उसमें भी। नालों का इंटरसेपशन एवं डायवर्जन करने के काम की डीपीआर की के लिए रखा गया था। नालों को एक दूसरे से जोड़कर उसे निकाले जाने की योजना थी जिससे प्रवाह बढ़ सके। नाला एक या दो स्थानों पर शुद्धिकरण यंत्र लगाए जाने थे ताकि कचरा पानी के माध्यम से नदी में जाने से रोका जा सके।

### नालों के साथ 106 बोर किए हुए हैं सीप का संरक्षण

इस साल सीप नदी लबालब भरी है और अप्रैल माह का भी एक पखवाड़ा गुजरने को है इसके बावजूद सीप बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर कह रही है हालांकि बंजारा डैम से वह छलक कर जा रही है लेकिन लबालब भरी हुई है। सीप का गर्मियों के सीजन में भी लबालब भरा खाना सुखद अनुभूति के साथ-साथ आश्चर्य जनक है। ऐसी स्थिति में जब किसान खेतों में सिंचाई नहीं कर रहे हैं आवदा नहर भी बंद है तो फिर सौप में पानी का स्रोत कहां से बन रहा है यह विचारणीय प्रश्न है। सूत्रों की माने तो जो 19 नाले सीप तुम्हें प्रवाहित हो रहे हैं कही सीप का जलस्तर बनाए रखने में सहायक साबित तो नहीं हैं?। ज्ञात हो कि शहर में नगर पालिका ने 106 बोर खनन किए हुए हैं जिनके माध्यम से सीधे घर में पानी सप्लाई का काम किया जा रहा है। नलों का 90 फीसद पानी नालियों के माध्यम से नालों से होता हुआ सीप में प्रवाहित हो रहा है यह नाले अपने साथ कचरा मल मूत्र को साथ लाने वाले यह नाले सीप का अस्तित्व समाप्त कर रहे हैं।

### इनका कहना...

नालों का कॉरिडोर बनाकर उन्हें शुद्धिकरण यंत्र लगाकर सीप को प्रदूषण से बचाने की योजना है। हालांकि की परिषद की बैठक नहीं हुई लेकिन आगामी समय में इसकी मंजूरी परिषद से ली जाएगी।

**आरआर यादव**
सीएमओ श्योपुर

## सोंईकलां के गुरनावदा रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत

# एक्सीडेंट में युवक की मौत, शव घर पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोंईकलां के गुरनावदा रोड पर धानमिल के पास गुरूवार की देर शाम को अज्ञात वाहन की टक्कर से सोंईकलां निवासी प्रदीप उर्फ गोलू की मौत हो गई। वह शाम को जब अपनी बुआ के घर से वापस घर लौट रहा था,तभी उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाला वाहन अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकला। प्रदीप की सिर में गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक प्रदीप अपने परिवार का इकलौता सहारा था। उसकी मेहनत के बूते पर ही परिवार की गाडी चल रही थी। शुक्रवार की सुबह शव का पीएम मानपुर थाना पुलिस के द्वारा जिला अस्पताल में कराया गया। पीएम के बाद प्रदीप का शव जब घर पहुंचा तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। इस दौरान ग्रामीणों की आंखे नम हो गई। जिसने भी यह दृश्य देखा,उसके मुंह से सिर्फ एक ही बात निकली कि हे भगवान ये तूने क्या कर दिया। अब कौन चलाएगा इस परिवार की गाडी। जब उसकी अंतिम यात्रा घर से मुक्तिधाम पहुंची तो उसमें बडी संख्या में समाजीय लोग शामिल हुए।



### प्रदीप की मेहनत से ही चल रही थी परिवार की गाड़ी

हादसे में मृत होने वाला प्रदीप जाटव अपने परिवार का इकलौता सहारा था। उसकी मेहनत और मजदूरी के जरिए ही परिवार की गाडी चल रही थी। करीब पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसके परिवार में डेढ़ साल का बेटा अरब और ढाई साल की बेटी हर्षिता है।

### काश! पहना होता हेलमेट तो बच सकती थी जान

इस मामले की विवेचना कर रहे पुलिस अधिकारियों की माने तो बाइक सवार प्रदीप उर्फ गोलू की मौत सिर में चोट लगने की वजह से हुई है। यदि प्रदीप हेलमेट पहना होता तो उसकी जान बच सकती थी। क्योंकि हेलमेट की वजह से उसके सिर में इतनी गंभीर चोट आना संभव नहीं थी और जब सिर में गंभीर चोट नहीं आती तो उसकी मौत नहीं होती। फिलहाल पुलिस टक्कर देकर भागे वाहन की तलाश कर रही है। मानपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार दुबे ने बताया कि जिस तरह से मृतक के सिर में चोट लगी है,उसे देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उसे टक्कर किसी कल्टीवेटर लगे ट्रैक्टर के द्वारा मारी गई है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### रामसेवक को टक्कर मारने वाला वाहन भी बेसुराग

ढोढर थाना क्षेत्र में चंबल नहर रोड पर पारमनदी के पुल के पास 8-9 अप्रैल की दरमियानी रात में अज्ञात वाहन की टक्कर से रामसेवक आदिवासी निवासी आमली का सहराना की मौत हो गई। सडक पर जिस तरह रामसेवक का शव मिला है,उसे देखकर अंदेशा लग रहा है कि उसे कोई अज्ञात वाहन कुचलकर भाग गया। जिसका फिलहाल कोई अता पता नहीं है।लेकिन ढोढर थाना पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# डॉ.लोकेंद्र सिंह को मिली चंबल संभाग की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में पदस्थ प्राध्यापक डॉ लोकेन्द्र सिंह जाट को प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ का चंबल संभाग का अध्यक्ष बना दिया गया है। उन्हें यह जिम्मेदारी संगठन के प्रति बढती निष्ठा और सक्रियता के चलते संघ के प्रांतीय अध्यक्ष प्रो.आनंद शर्मा द्वारा सौंपी गई है। डॉ जाट ने अपने इस मनोनयन पर संघ के संरक्षक प्रो. कैलाश त्यागी एवं प्रांतीय अध्यक्ष प्रो.आनंद शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन किया जाएगा। इसके साथही चंबल संभाग के सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकों की समस्याओं का निराकरण करना और उनके हितों की रक्षा करने की दिशा में प्रभावी तरीके से आवाज उठाई जाएगी। प्रांतीय नेतृत्व के द्वारा प्राध्यापक संघ की श्योपुर जिला कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें प्रो.अजीत सिंह को जिला अध्यक्ष तथा प्रो. गुमान सिंह को सचिव नियुक्त किया गया है। जबकि डॉ. बकील सिंह कौशल को कोषाध्यक्ष पद पर नामांकित किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों के मनोनयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा , वरिष्ट प्राध्यापक डॉ विपिन बिहारी शर्मा, डॉ सुभाषचंद, डॉ रमेश भारद्वाज, प्रो. अरविंद दोहरे एवं अन्य प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## राहत प्रकरणों में 112 लाख से अधिक की राशि स्वीकृत

# एससी, एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय सर्तकता एवं मॉनीटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में शीघ्रता से विवेचना करते हुए यथासमय प्रकरण संबंधित न्यायालयों में प्रस्तुत किये जाये तथा अधिनियम के तहत पीडित व्यक्ति को राहत राशि स्वीकृत करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एससी, एसटी अत्याचार निवारण अंतर्गत आयोजित बैठक में एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी बडौदा अनवीत शर्मा, सहायक आयुक्त आदिम कल्याण राकेश गुप्ता, विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। एससी, एसटी के 86 प्रकरणों में 112 लाख रूपये राहत राशि स्वीकृत की गई। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि जिन प्रकरणों में एससी, एसटी जाति प्रमाण पत्रों की आवश्यकता है, उनमें प्रमाण पत्र बनाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

बैठक के दौरान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति निवारण अधिनियम के तहत अनूसुचित जनजाति के 15 प्रकरणों में 24 लाख रूपये तथा अनुसूचित जाति के 71 प्रकरणों में 88 लाख रूपये की राहत राशि स्वीकृत की गई।

# नवविवाहिता को दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एक नव विवाहिता महिला को उसके ससुरालीजनों के द्वारा दहेज में एक बाइक और 2 लाख रूपए लाने की मांग पूरी न करने पर मारपीट करके घर से निकाल दिया गया। यह मामला ढोढर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में पुलिस ने पीडित नव विवाहिता की शिकायत पर उसके पति, सास,ससुर और जेठ जेठानी के खिलाफ दहेज प्रताडना की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। ढोढर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि ग्राम हांसिलपुर निवासी नव विवाहिता अंकिता माली पत्नी राजू माली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी ग्राम हांसिलपुर निवासी राजू माली के साथ वर्ष 2022 में हुई थी। शादी के बाद उनके एक बच्चा भी हो गया है। लेकिन इसके बाद भी ससुरालीजनो ने उसे दहेज में 1 बाइक और 2 लाख रूपए लाने के लिए प्रताडित किया और मांग पूरी न होने पर मारपीट करके घर से भी निकाल दिया गया। जिसकारण मुझे अपने मायके अनघोरा जिला मुरैना में रहने को विवश होना पड रहा है।

इस मामले में पुलिस ने नव विवाहिता की रिपोर्ट पर पति राजू माली, ससुर परमसुख माली, सास सोमवती माली, जेठा सीताराम और जेठानी लक्ष्मी के खिलाफ दहेज एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु जन जागरुकता अभियान जारी

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल के निर्देशन में जिले में मलेरिया नियंत्रण के लिए व्यापक गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी क्रम में एमटीएस अरविन्द गर्ग द्वारा ग्राम मठेपुरा, गुवाड़ी, अजापुरा एवं राडेप का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान संबंधित आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम से संपर्क कर मलेरिया संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्हें निर्देशित किया गया कि वे समुदाय में नियमित रूप से भ्रमण कर बुखार से पीड़ति मरीजों की मलेरिया किट से जांच सुनिश्चित करें। इस दौरान ग्रामीणों को मलेरिया एवं मच्छरजनित रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। लोगों को मच्छरदानी का नियमित उपयोग करने, घर के आसपास पानी जमा न होने देने तथा शाम के समय नीम की पत्तियों का धुआं करने हेतु प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिले में 6 आबकारी दुकानों की ई टेंडर नीलामी अब तक नहीं

**अशोकनगर।** जिले में 33 आबकारी दुकानों में से 27 दुकानों के ही ई टेंडर हो सके हैं। 16वे चरण में 6 दुकानों की ई टेंडर नीलामी होना थी। मायनस 35 प्रतिशत पर इनकी नीलामी होना थीं लेकिन 16वे चरण में भी इनकी नीलामी नहीं हो सकी है, जिले में इन 6 आबकारी दुकानों में चंदेरी-1, मुंगावली-1, प्राणपुर, राजघाट, झीला और महिदपुर की दुकानें शामिल हैं। इन दुकानों की नीलामी 1 अप्रेल से 31 मार्च 2027 तक के लिए होना थी, किन्तु दस दिन की अवधि निकलने को हो गई है लेकिन अभी तक इन 6 दुकानों की नीलामी नहीं होने से आबकारी विभाग स्वयं शराब का विक्रय कर रहा है।

### जिले में 1131 बालिकाओं को लगा एचपीवी का टीका

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में जिले में एच.पी.वी. (ह्यूमन पेपिलोमा वायरस) का टीका लगाया जा रहा है, कुल जिलें को प्राप्त लक्ष्य 9486 है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी है अशोकनगर जिले के 13 टीकाकरण केन्द्रों पर 14 से 15 वर्ष की आयु के बीच की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एच.पी.वी. का टीका लगाया जा रहा है यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है, यह 160 से अधिक देशों में एचपीवी वैक्सीन पहले से ही लगाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर डॉ.अल्का त्रिवेदी ने बताया कि जिले में अब तक कुल 4811 बालिकाओं को एच.पी.वी. का टीका लगाया जा चुका है। बुधवार को 1131 बालिकाओं को एच.पी.वी.का टीका लगाया गया। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे खतरनाक कैंसर है इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एच.पी.वी. का टीकाकरण प्रारंभ किया गया है।

### खंभों से तार चोरी

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम देवखेडी निवासी सुनील धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर राजघाट से गोरा सेहराई के बीच खंबों से तार की खींचकर ले गए। वह ठेकेदार का काम करता है और खंबों पर तार खींचकर लगाए थे। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### ट्रक ने बाईक में टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत कृष पुत्र खुशीलाल ग्वाल निवासी मुंगावली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्रक क्रमांक यूपी 77 एटी 6669 के चालक ने चंदेरी मुंगावली रोड पर म्यूजियम के समीप, अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी ।

---

मेडिकल ऑफिसर ने छापा मारा, बड़ी मात्रा में अंग्रेजी दवाएं बरामद

# शाही दवाखाना के नाम पर उपचार कर रहे दो युवकों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे में बीते करीब 6 माह से प्रत्येक गुरुवार चार युवक आकर एक कैंप लगा रहे थे, जिसमें कई तरह की बीमारियों के सस्ते इलाज का दावा किया जाता था। इस कैंप पर इस गुरुवार को सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ यशवंत सिंह तोमर ने छापामार कार्रवाई की। डॉक्टर को देखकर स्वयं को डॉक्टर बताने वाले युवक भागने लगे, जिन्हें मौके पर आई पुलिस ने पकड़ लिया। हालांकि गुरुवार को कैंप में आए तीन युवकों में से एक युवक मौके से फरार हो गया, शेष दो पर पुलिस ने धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मौके से बड़ी संख्या में एलोपैथिक दवाएं, भभूत की पुड़िया और पर्चे व कुछ राशि भी जब्त की गई है।

### दूर दूर से आते थे मरीज, सड़क पर किया प्रदर्शन

इस साप्ताहिक कैंप में कमर दर्द, गर्दन दर्द, नसों का दर्द, स्लिप डिस्क, जोड़ों का दर्द, दाद खाज खुजली, जोड़ों में जकड़न, सांस की बीमारी सहित कई अन्य बीमारियों के इलाज का दावा किया जाता था। जिसके लिए 200 से 500 रुपए वसूल किए जाते थे। इस कैंप में विदिशा, सागर, गुना, ललितपुर, झांसी जिलों के अलावा अशोकनगर जिले के गांवों से सैकड़ों लोग आते थे और मजमा लगा रहता था। गुरुवार को जब छापामार कार्रवाई हुई तो बड़ी संख्या में दूर दूर से आए मरीजों ने हंगामा कर दिया। मरीजों का दावा था कि उन्हें सस्ता इलाज मिल रहा है और बीमारियां दूर हो रही हैं तो प्रशासन को एतराज क्यों है। विरोध स्वरूप कई महिलाएं सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगीं, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। हालांकि पुलिस ने जल्द ही उन्हें सड़क से उठा दिया।





### पर्चा डॉ तोमर के नाम का, युवक सभी मुस्लिम



खास बात है कि इस कैंप में किसी शाही दवाखाना के नाम से डॉ यूपीएस तोमर का नाम लिखा हुआ है। कोई पता भी नहीं लिखा है। दवाखाने पर मौजूद सभी युवक मुस्लिम थे, जिनके पास अपनी पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। इसके अलावा किसी प्रकार की कोई डिग्री और कोई पंजीयन भी नहीं पाया गया। युवकों के मोबाइल में भी पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था, इसके बाद उन्होंने पुलिस के समक्ष किसी को फोन कर आधार कार्ड व्हाट्सएप पर मंगाए। जिनमें लिखे नामों के आधार पर पुलिस ने प्रकरण में कायमी की है। इन आधार कार्डों का सत्यापन भी नहीं कराया गया।

### भभूत का कमाल, सैंपल लिया अब होगी जांच

इस कैंप में एलोपैथिक दवाओं के साथ भभूत की पुड़िया दी जाती थीं। मरीजों के अनुसार इसी भभूत से उनके दुख दर्द दूर हो रहे थे। वहीं दबी जुबान में कुछ मरीजों ने बताया कि भभूत खाने के बाद हल्का नशा सा आता था। बहरहाल, इस भभूत को जब्त कर इसका सैंपल लिया जाकर जांच के लिए भेजा गया है। जिससे इसमें मिलाई जाने वाली सामग्री का पता चल सके।

### दो युवकों पर एफआईआर, सरगना सहित दो फरार

पुलिस ने मेडिकल ऑफिसर की शिकायत पर मोहम्मद सलमान और मोहम्मद नदीम निवासी मुरादाबाद उत्तर प्रदेश पर धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। हालांकि जिसे सब लोग डॉक्टर कहते थे वह, और दवाएं बांटने वाला एक युवक के नाम इस प्रकरण में नहीं हैं। पुलिस के अनुसार अन्य आरोपियों के नाम विवेचना में सामने आने पर बढ़ाए जा सकते हैं।

### जांच हो रही है

इस तरह के किसी भी नीम हकीम से इलाज नहीं कराना चाहिए। अगर कहीं भी इस तरह के कैंप लगें तो तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचित करना चाहिए। हम ने बड़ी संख्या में दवाएं जब्त की हैं, इनके सैंपल लिए जाकर जांच कराई जा रही है।

**डॉ अलका त्रिवेदी,** सीएचएमओ जिला अस्पताल अशोकनगर

---

# बहादरपुर इंडियन गैस एजेंसी पर गंभीर आरोप, लोगों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पिपरई तहसील के बहादरपुर क्षेत्र में संचालित इंडियन गैस एजेंसी के खिलाफ स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। नागरिकों ने एजेंसी पर काला बाज़ारी, अनियमित वितरण और मनमानी करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके चलते लोगों ने एक शिकायती आवेदन तहसीलदार को दिया।

**हजारों हितग्राही लाभ से वंचितः** कई गरीब परिवारों के घरों में चूल्हे तक नहीं जल पा रहे हैं। हितग्राहियों का कहना है कि जो परिवार पिछले 5-6 वर्षों से नियमित रूप से गैस सिलेंडर प्राप्त कर रहे थे, उन्हें अब अचानक अवैध या अमान्य बताकर सिलेण्डर देने से मना किया जा रहा है। इससे लोगों के सामने रोज़मर्रा के जीवन की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। उज्वला योजना को लेकर भी बड़े स्तर पर धांधली के आरोप सामने आए हैं। लाभार्थियों का कहना है कि उन्हें न तो योजना का लाभ नहीं मिला, कुछ को कनेक्शन ही नहीं मिले। इस विषय में एजेंसी बाले हितग्राहियों से कह दिया जाता है कि आप को गैस कनेक्शन मिल चुका है। सबसे गंभीर आरोप एजेंसी मालिक और कर्मचारियों पर लगाए गए हैं। आरोप है कि कर्मचारी उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर की जगह अपना नंबर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त करते हैं और गैस सिलेंडरों की कालाबाज़ारी कर रहे हैं, जिससे पात्र उपभोक्ता गैस से वंचित रह जाते हैं। दिलीप धाकड़ केशोपुर ने बताया कि मैं लगातार 20 दिनों से ऑनलाइन बुकिंग कर रहा हूं पहले तो मुझे आठ रोज का मैसेज आता रहा फिर मुझे चार रोज का मैसेज आने लगा लेकिन 20 रोज से मेरी बुकिंग नहीं हो पाई है। इस विषय में जब मैंने एजेंसी वालों से बात की तो उन्होंने मुझे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### कुशवाह समाज संगठन एवं महिला समिति की बैठक आयोजित की गई

**अशोकनगर।** गुरूवार को कुशवाह समाज संगठन समिति, महिला संगठन और श्री लव-कुश युवा संगठन की सम्मिलित बैठक जिलाध्यक्ष राजेन्द्र बलवीर सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में लव-कुश मंदिर पर सम्पन्न हुई। जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले जन्म जयंती मनाने पर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। आगामी 11 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से लवकुश मंदिर पर महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनायी जायेगी। जिसमें अशोकनगर जिला एवं आसपास से भी कुशवाह समाज बंधु को इस भव्य जयंती समारोह में शामिल के लिये आग्रह सहित आमंत्रित किया गया है।

---

# टास्क फोर्स का गठन, महाविद्यालय में बैठक की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सुप्रीम कोर्ट एवं शासन के निर्देशानुसार अशोकनगर में जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स (डिस्ट्रिक्ट लेवल मॉनिटरिंग सेल) का गठन किया गया है। जिसे लेकर एक समिति की बैठक अशोकनगर महाविद्यालय में आयोजित की गई।

विद्यार्थियों में आत्महत्या रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जिलाधीश की अध्यक्षता में गठित इस समिति की सदस्य सचिव प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (लीड कॉलेज) अशोकनगर की प्राचार्य डॉ रेनू राजेश ने बताया कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों अनुसार समिति में जिलाधीश द्वारा जिले के विभिन्न विभागों से सदस्य मनोनीत किये गए हैं। समिति की एक बैठक वुधवार को अग्रणी महाविद्यालय में आयोजित की गयी। जिसमें एसडीओपी विवेक शर्मा, प्राचार्य आईटीआई नीरज घनघोरिया, डॉ रजनी छारी जिला अस्पताल, राजकुमार रघुवंशी स्कूल शिक्षा विभाग, राजेंद्र प्रजापति सामाजिक न्याय विभाग, डॉ प्रदीप सुराना, जीतेन्द्र ओझा, अनुज रघुवंशी एवं छात्र अमित जोशी, उमेश केवट, रिमझिम मौर्य उपस्थित रहे। बैठक में डीटीएफ के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की गयी और सभी ने अपने-अपने सुझाव रखे। समिति की आगे की कार्य योजना बना कर चरणबद्ध तरीके से कार्य किये जाने पर जोर दिया गया। कार्य योजना में जिले के सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों, स्कूल शिक्षा विभाग की संस्थायें, कोचिंग सेंटर्स को शामिल किया जायेगा।



### बैठक में निम्न बिन्दुओं पर निर्णय लिया गया

- शासन से अध्यादेश जारी होने के उपरांत सभी कोचिंग संस्थाओं का पंजीकरण किया जायेगा।
- विद्यार्थियों से सम्बंधित हेल्पलाइन नंबर एवं शासन द्वारा जारी पोस्टर का डिस्प्ले सभी शैक्षणिक संस्थाओं में किये जाने का निर्णय लिया गया।
- विद्यार्थियों की काउंसलिंग के साथ साथ उनके पालकों की काउंसलिंग किये जाने का सुझाव भी सभी के अनुभवों के आधार पर लिया गया। जिससे विद्यार्थी और माता पिता के बीच कम्युनिकेशन गैप न रहे और विद्यार्थी अपनी रूचि अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकें।
- शिक्षण संस्थाओं में स्टूडेंट एम्बेसेडर बनाये जायेंगे, काउंसलर के साथ विद्यार्थियों के सेशन कराये जायेंगे जिससे विद्यार्थी अपनी समस्याओं को समय रहते साझा कर सकें, उनका मनोबल बढे और आत्महत्या जैसी सोच उनके दिमाग में न आये।
- शिक्षण संस्थाओं में शिकायत पेटी लगायी जायेंगी और शिकायत निवारण समिति गठित की जायेंगी।

---

टी आकार की पुलिया देख चकराए कलेक्टर और विधायक, गोबर-मिट्टी से बना रहे थे सड़क के शोल्डर

# एनएच 346 के निर्माण में बड़ी धांधली आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नेशनल हाईवे एनएच-346 के निर्माण में भ्रष्टाचार और लापरवाही का एक ऐसा नमूना सामने आया है जिसे देखकर जिले के आला अधिकारी भी दंग रह गए। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सख्त निर्देशों के बाद, शनिवार को कलेक्टर साकेत मालवीय और मुंगावली विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव ने जब हाईवे का औचक निरीक्षण किया, तो वहां इंजीनियरिंग के नाम पर मजाक होता मिला।

**निरीक्षण की मुख्य बातें**

निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि ठेकेदार के कर्मचारी सड़क के शोल्डर (किनारे) बनाने में गिट्टी-कंक्रीट के बजाय गोबर और मिट्टी का इस्तेमाल कर रहे थे। विधायक और कलेक्टर ने इसे रंगे हाथों पकड़ा और तुरंत काम रुकवाकर कड़ी नाराजगी जाहिर की। बम्मन खिरिया के पास एक ऐसी पुलिया मिली जो टी आकार में बनाई गई है। इस अजीबोगरीब डिजाइन को देखकर कलेक्टर और विधायक भी चैंक गए। जब नेशनल हाईवे के अधिकारियों से इस तकनीकी चमत्कार के बारे में पूछा गया, तो उनके पास कोई जवाब नहीं था। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि इस दोषपूर्ण पुलिया के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती, जिससे गांव में बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं।

### एनएच 346 के अधिकारियों ने गल्ती स्वीकार की

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर साकेत मालवीय ने कड़ा रुख अपनाया है। एनएच 346 के अधिकारियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया है कि उक्त पुलिया को अब री-डिजाइन किया जाएगा और टूटे हुए स्लैब व घटिया शोल्डर को दुरुस्त किया जाएगा।

### इंजीनियरिंग और मॉनिटरिंग की खुली पोल

ब्रजेन्द्र सिंह यादव विधायक ने कहा कि निरीक्षण के दौरान घटिया निर्माण की पूरी हकीकत सामने आ गई हाईवे के किनारे बनी नालियों की स्लैब पहले ही टूट चुकी हैं। निर्माण कार्य में मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई हैं। एनएच के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निर्माण की मॉनिटरिंग करने में पूरी तरह विफल साबित हुए। यह इंजीनियरिंग का कैसा नमूना है? ऐसी पुलिया और गोबर से शोल्डर बनाना जनता के पैसे का दुरुपयोग और उनकी सुरक्षा से खिलवाड़ है।

---

### अमन रघुवंशी का कार्यालय अधीक्षक के पद पर हुआ चयन



**अशोकनगर।** शहर के युवा अमन रघुवंशी पिता रामकृष्ण रघुवंशी शिक्षक रुहाना का कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के द्वारा कार्यालय अधीक्षक के पद पर चयन हुआ है। अमन तीन वर्षो से इंदौर में रहकर तैयारी कर रहे थे, जहां उनके प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। इस सफलता पर अमन ने इसका श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया। अमन की इस उपलब्धि पर परिवारजनों एवं मित्रों द्वारा शुभकामनाओं के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

---

# खरीदी केन्द्रों की शुरूआत नहीं, किसान मंडियों में माल बेचने को हुए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कांग्रेस ने गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा, जिसमें कांग्रेस कहा कि मध्यप्रदेश का किसान कर्ज में डूबा हुआ है, कर्ज की किस्त भरने की तारीख निकल गई है, लेकिन सरकार की लापरवाही के चलते अब तक खरीदी केन्द्रों की शुरूआत नहीं होने के कारण किसानों को अपना गेहूं मण्डियों में बेचना पड़ रहा है। इस दौरान कांग्रेस जनों ने जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा, जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस जन भी शामिल थे।



### ज्ञापन के बिन्दु

01. प्रदेश की सत्तारुढ़ भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण आज अन्नदाता किसान काफी परेशानियों से जूझ रहा है। किसानों की गेहूं की उपार्जन की तारीखे बार-बार बढाई जा रही है पहले 23 मार्च फिर 1 अप्रैल, 10 अप्रैल, 15 अप्रैल की गई है जिससे किसानों में भारी आकोश निर्मित हो गया है। प्रदेश में किसानों को गेहूं उपार्जन का इंतजार खत्म हाने का नाम ही नहीं ले रहा है।

02. प्रदेश सरकार ने सहकारी संस्थाओं से किसानों का ऋण वसूलने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की थी सरकार के कुप्रबंधन के कारण लगभग 50 प्रतिशत किसान डिफाल्टर हो गए है तथा किसानों को कृषि उप मंडी मे अपनी उपज 2000 से 2200 रुपये के ओने पौने दामों में मजबूरी में बेंचने को विवश होना पड़ रहा है, जबकि पड़ौसी राज्य राजस्थान में 16 मार्च से गेहूं उपार्जन किया जा रहा है।

03. किसान विरोधी भाजपा की सरकार में किसानों की महीनों की मेहनत खेत-खलिहानों में खुले आसमान के नीचे पड़ी है, लेकिन सरकार गेहूं उपार्जन की सिर्फ तारीख पर तारीख दे रही है। यह अत्यंत दुर्भाग्य की बात है कि सरकार गेहूं उपार्जन की तारीख आगे बढ़ाने के पीछे गेहूं की खाली बोरियां उपलब्ध न होने की वजह बता रही है।

---

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शपथ विधि समारोह का आयोजन किया गया




**अशोकनगर।** पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शपथ विधि समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य वीके गुप्ता ने उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शपथ का अर्थ है अपने सही पथ पर चलना, हम अपने पथ से न भटके और अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्बहन करे, इसलिए आपको शपथ दिलाई जा रही है। हम स्वतंत्र हो परन्तु स्वछन्द न हो अनुशासन पूर्ण जीवन जिए हमारी अंतर्चेतना में ही स्वतंत्रता निहित है।

छात्र संघ प्रभारी मोनेश जैन ने बताया कि हमे अपना लक्ष्य ऊंचा रखना चाहिए, इस दौरान उन्होंने संस्था में छात्र परिषद् के चयन की प्रक्रिया एवं विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम की शुरुआत सर्व प्रथम सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। बाद में महाविद्यालय की छात्राओं सौम्या खटीक, वर्षा प्रजापति एवं साक्षी शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। स्वागत गीत सौम्या खटीक, वर्षा प्रजापति, साक्षी शर्मा एवं काजल गुर्जर द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ. बी.के. गुप्ता द्वारा अध्यक्ष पद पर दिवम शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर दिव्यांश साहू, सचिव पद पर ख़ुशी रघुवंशी, संस्था के सिविल ब्रांच के विभागाध्यक्ष एम.के. नेमा द्वारा सांस्कृतिक सचिव के पद पर निखिल ओझा, संस्था के टी.पी.ओ. मनीष वैद्य द्वारा साहित्यिक सचिव के पद पर प्रदीप ओझा एवं संस्था के क्रीडा प्रभारी अनिल धकाते द्वारा क्रीडा सचिव के पद पर अभय रजक एवं संयुक्त सचिव पद पर नितिन पाल को शपथ दिलाई गई। कक्षा प्रतिनिधियों के रूप में संस्था के व्याख्याता सीताराम चैहान, भरत सिंह यादव एवं कृष्णकान्त अहिरवार द्वारा अनुराग शर्मा, हिमांशु ओझा, अंशुल लोधी, स्वानी, समर्थ पलिया, सुमित अहिरवार, आदर्श कुमार झा, अनुज ओझा, नितेश विश्वकर्मा, शौर्य प्रताप सिंह परमार, कार्तिक पंथ एवं अंतरा जैन द्वारा शपथ ली गई।

---

श्वेतांबर जैन श्री संघ ने की विश्व शांति की कामना

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर वासुपूज्य मंदिर में गूंजा णमोकार मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जैन धर्म के सर्वोच्च और शाश्वत नवकार (णमोकार) महामंत्र की गूंज गुरुवार को शहर के श्री वासुपूज्य मंदिर जी में सुनाई दी। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के आह्वान पर मनाए जा रहे विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर अशोकनगर श्वेतांबर जैन संघ ने सामूहिक जाप का भव्य आयोजन किया। इस वैश्विक महायज्ञ में समाजजनों ने बढ़-चढ़कर अपनी पुनीत आहुति दी और संपूर्ण विश्व में शांति, मानवता और सद्भाव की मंगल कामना की।

इस वर्ष विश्व नवकार महामंत्र दिवस की ग्लोबल थीम एक विश्व, एक मंत्र, शांति के लिए एक साथ रखी गई है। इसी वैश्विक आह्वान से कदम मिलाते हुए अशोकनगर श्वेतांबर जैन श्री संघ के सभी श्रावक-श्राविकाओं ने एकजुट होकर इस आयोजन को ऐतिहासिक और सफल बनाया। समाजजनों ने एक साथ जुड़कर इस वैश्विक आयोजन के मुख्य उद्देश्य को पूरी तरह से सार्थक किया। तय कार्यक्रम के अनुसार, गुरुवार सुबह 8 बजे से 9:30 बजे तक श्री वासुपूज्य मंदिर के उपाश्रय में इस सामूहिक जाप का अनुष्ठान किया गया। करीब डेढ़ घंटे तक चले इस कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु ने पूर्ण भक्तिभाव के साथ एक ही लय और एक ही स्वर में नवकार मंत्र का स्मरण किया। मंत्रों के इस सामूहिक और निर्बाध उच्चारण से न केवल मंदिर परिसर, बल्कि आसपास का पूरा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत हो गया।

### जैन मिलन ने नवकार महामंत्र का जाप किया

विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर अशोकनगर जैन मिलन की सभी शाखों ने मिलकर श्री दिगम्बर जैन मंदिर शांतिनाथ त्रिकाल चैवीसी में नवकार महामंत्र का जाप किया गया। जिसमें राष्ट्रीय मंत्री वीर नरेश चंद्र जैन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर सुभाष जी केंची जैन मिलन अध्यक्ष वीर पवन करैया द्वारा संचालित जैन मिलन ,पाश्र्व जैन मिलन, सेंट्रल जैन मिलन, अशोक नगर के सभी वीर साथियों ने भाग लिया।